# नेपा लिमिटेड में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के संदेश के साथ मनाया गया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर।** एशिया की पहली और सबसे बड़ी पेपर मिलो में शुमार केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की कागज मिल नेपा लिमिटेड में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। नेपा लिमिटेड के केंद्रीय सभागार में निदेशक वित्त के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन किया गया। प्रदीप कुमार नाइक ने उपस्थित अफसर कर्मियों तथा उनके परिवारजनों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम



नहीं,बल्कि यह तनावपूर्ण जीवन में संतुलन और शांति का प्रभावशाली माध्यम है। नेपा लिमिटेड जैसे श्रम-प्रधान कार्यक्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के लिए योग,कार्यक्षमता व मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का आवश्यक साधन है। योग केवल एक दिन या सप्ताह तक नहीं बल्कि, यह आजीवन हमारी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता ने कहा योग न केवल हमारे शरीर की चपलता बढ़ाता है, बल्कि यह मन को स्थिर करता है और हमारी कार्य संस्कृति में संतुलन लाता है। योग साधक राजेश सविता ने सभी को भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम,भ्रामरी, उज्जायी,ताड़ासन, त्रिकोणासन,वृक्षासन, वज्रासन,मंडूकासन, भुजंगासन,पवनमुक्तासन, मकरासन और शवासन का अभ्यास करवाया। सहायक अधिकारी और योग साधक अलोपी प्रसाद शुक्ला ने नियमित योग साधना के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक लाभों की व्याख्या करते हुएं इसे आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली के लिए वरदान बताया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि योग दिवस केवल एक दिन की परंपरा नहीं,बल्कि यह जीवनभर के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मबल का संकल्प है। नेपा लिमिटेड द्वारा कार्यस्थल पर

**योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के संदेश को आत्मसात करते हुए**

सप्ताहभर चलाए गए योग अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों व जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार,प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख,प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,उप प्रबंधक मैकेनिकल सुनील कुमार कुलथे,तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी,कल्याण अधिकारी दिनेशचंद्र सोवले,अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल,कैलाश वर्मा,नारायण पारवे सहित विभागीय अधिकारी,कर्मचारी,उनके परिजन तथा नगरवासी शामिल हुए।

# नेपा लिमिटेड में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के संदेश के साथ मनाया गया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रिपोर्ट - नरेश चौकसे**

एशिया की पहली और सबसे बड़ी पेपर मिलो में शुमार केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की कागज मिल नेपा लिमिटेड में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। नेपा लिमिटेड के केंद्रीय सभागार में निदेशक वित्त के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन किया गया। प्रदीप कुमार नाइक ने उपस्थित अफसर कर्मियों तथा उनके परिवारजनों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह तनावपूर्ण जीवन में संतुलन और शांति का प्रभावशाली माध्यम है। नेपा लिमिटेड जैसे श्रम-प्रधान कार्यक्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के लिए योग, कार्यक्षमता व मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का आवश्यक साधन है। योग केवल एक दिन या सप्ताह तक नहीं



बल्कि, यह आजीवन हमारी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता ने कहा योग न केवल हमारे शरीर की चपलता बढ़ाता है, बल्कि यह मन को स्थिर करता है और हमारी कार्य संस्कृति में संतुलन लाता है। योग साधक राजेश सविता ने सभी को भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उज्जायी, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, वज्रासन, मंडूकासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, मकरासन और शवासन का अभ्यास करवाया।

सहायक अधिकारी और योग साधक अलोपी प्रसाद शुक्ला ने नियमित योग साधना के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक लाभों की व्याख्या करते हुएं इसे आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली के लिए वरदान बताया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि योग दिवस केवल एक दिन की परंपरा नहीं, बल्कि यह जीवनभर के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मबल का संकल्प है। नेपा लिमिटेड द्वारा कार्यस्थल पर योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के संदेश को आत्मसात करते हुए सप्ताहभर चलाए गए योग अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों व जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक मैकेनिकल सुनील कुमार कुलथे, तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी, कल्याण अधिकारी दिनेशचंद्र सोवले, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, कैलाश वर्मा, नारायण पारवे सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन तथा नगरवासी शामिल हुए।

# नेपा लिमिटेड में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के संदेश के साथ मनाया गया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रिपोर्ट - नरेश चौकसे**

एशिया की पहली और सबसे बड़ी पेपर मिलो में शुमार केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की कागज मिल नेपा लिमिटेड में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। नेपा लिमिटेड के केंद्रीय सभागार में निदेशक वित्त के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन किया गया। प्रदीप कुमार नाइक ने उपस्थित अफसर कर्मियों तथा उनके परिवारजनों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह तनावपूर्ण जीवन में संतुलन और शांति का प्रभावशाली माध्यम है। नेपा लिमिटेड जैसे श्रम-प्रधान कार्यक्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के लिए योग, कार्यक्षमता व मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का आवश्यक साधन है। योग केवल एक दिन या सप्ताह तक नहीं



बल्कि, यह आजीवन हमारी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता ने कहा योग न केवल हमारे शरीर की चपलता बढ़ाता है, बल्कि यह मन को स्थिर करता है और हमारी कार्य संस्कृति में संतुलन लाता है। योग साधक राजेश सविता ने सभी को भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उज्जायी, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, वज्रासन, मंडूकासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, मकरासन और शवासन का अभ्यास करवाया।

सहायक अधिकारी और योग साधक अलोपी प्रसाद शुक्ला ने नियमित योग साधना के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक लाभों की व्याख्या करते हुएं इसे आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली के लिए वरदान बताया। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि योग दिवस केवल एक दिन की परंपरा नहीं, बल्कि यह जीवनभर के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मबल का संकल्प है। नेपा लिमिटेड द्वारा कार्यस्थल पर योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के संदेश को आत्मसात करते हुए सप्ताहभर चलाए गए योग अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों व जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक मैकेनिकल सुनील कुमार कुलथे, तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी, कल्याण अधिकारी दिनेशचंद्र सोवले, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, कैलाश वर्मा, नारायण पारवे सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन तथा नगरवासी शामिल हुए।

---

**योग दिवस मनाया** — अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी शासकीय कार्यालयो एवं स्कूलों में सुबह योग अभ्यास किया गया

# आसीर किले से लेकर नेपा मिल तक आमजन ने किया योग

● नेपानगर / राज न्यूज नेटवर्क

नेपानगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। योगाभ्यास कार्यक्रम में युवा वर्ग के साथ-साथ बुजुर्ग एवं छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी शासकीय कार्यालयो एवं स्कूलों में सुबह योग अभ्यास किया गया।

नेपानगर सिटीजन स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, संत एंथोनी कान्वेंट स्कूल के साथ-साथ लगभग सभी शासकीय एवं निजी शालाओं में योग अभ्यास किया गया। वही खकनार जनपद पंचायत एवं बुरहानपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत भी सभी पंचायत में योग अभ्यास किया गया जहां बुरहानपुर विकासखंड की असीर पंचायत में दक्षिण के द्वारा कहे जाने वाले असीरगढ़ किले पर पहुंचकर पंचायत कर्मियों एवं ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओं दुर्गेश भूमरकर भी मौजूद रहे। वही ग्राम पंचायत सिवल, हैदरपुर, अमूलाकला, डाभियाखेड़ा, सहित लगभग सभी पंचायत में भी योग



योगा करते हुए विद्यार्थी।



आसीर किले पर योग।

अभ्यास किया गया जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधीयो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## आसीर किले पर योगाभ्यास

दक्षिण के द्वारा असीरगढ़ के ऐतिहासिक किले में अंतरराष्ट्रीय 11 योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्गेश भुमरकर, जिला पंचायत सदस्य दिलीप जोगीलाल पवार, जनपद सदस्य दंगोली, सुभानसिंह चौहान, सचिव कमलचंद महाजन सहित ग्रामीण स्कूल के बच्चे शासकीय स्कूलों के शिक्षक गण उपस्थित हुए।

**नेपा लिमिटेड में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम..** :नेपा लिमिटेड में भी शनिवार को 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया। नेपा लिमिटेड के केंद्रीय सभागार में निदेशक वित्त के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन किया गया। प्रदीप कुमार नाइक ने उपस्थित अफ सर कर्मियों तथा उनके परिवारजनों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह तनावपूर्ण जीवन में संतुलन और शांति का प्रभावशाली माध्यम है। नेपा लिमिटेड जैसे श्रम प्रधान कार्यक्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के लिए योग, कार्यक्षमता व मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का साधन है। योग केवल एक दिन या सप्ताह तक नहीं बल्कि, यह आजीवन हमारी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता ने कहा योग न केवल हमारे शरीर की चपलता बढ़ाता हैए बल्कि यह मन को स्थिर करता है और हमारी कार्य संस्कृति में संतुलन लाता है। योग साधक राजेश सविता ने सभी को भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उज्जायी, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, वज्रासन, मंडूकासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, मकरासन और शवासन का अभ्यास करवाया।

### वन विभाग में आयोजित किया हरित योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वन मंडल बुरहानपुर के नेपानगर वन परिक्षेत्र एवं नावरा वन परिक्षेत्र में योगाभ्यास के बाद हरित योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा वन परी क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। उपवन मंडल अधिकारी अजय सगर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि योग दिवस की महता को देखते हुए वन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरित योग दिवस मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत वन मंडल बुरहानपुर के सभी वन परीक्षेत्रो में योग अभ्यास के बाद परिक्षेत्र अधिकारीयो एवं कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 22-06-2025

# स्कूल-कॉलेज, नेपा मिल में विद्यार्थियों, अफसर- कर्मचारियों ने किया योग



नेपानगर| योग दिवस पर क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज, नेपा मिल में योग किया गया। सरकारी संस्थाओं में एक दिन पहले प्रशिक्षण भी हुए थे। नेपा लिमिटेड में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के संदेश के साथ योग दिवस मनाया गया। नेपा लिमिटेड के केंद्रीय सभागार में निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता ने कहा योग न केवल हमारे शरीर की चपलता बढ़ाता है, बल्कि यह मन को स्थिर करता है और हमारी कार्य संस्कृति में संतुलन लाता है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया योग दिवस केवल एक दिन की परंपरा नहीं, बल्कि यह जीवनभर के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मबल का संकल्प है। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक मैकेनिकल सुनील कुमार कुलथे, तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी, कल्याण अधिकारी दिनेशचंद्र सोवले, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, कैलाश वर्मा, नारायण पारवे मौजूद थे।

पत्रिका

# नेपा लिमिटेड सभागार, निजी स्कूलों में भी हुआ योग अभ्यास



**नेपानगर.** योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह तनावपूर्ण जीवन में संतुलन और शांति का प्रभावशाली माध्यम है। यह बात नेपा लिमिटेड के निदेशक प्रदीप कुमार नाइक ने विश्व योग दिवस पर नेपा लिमिटेड के केंद्रीय सभागार में आयोजित समारोह में कही। मिल ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के संदेश के साथ योग दिवस मनाया। उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की चपलता बढ़ाता है, बल्कि यह मन को स्थिर करता है और हमारी कार्य संस्कृति में संतुलन लाता है। पीआरओ संदीप ठाकरे ने कहा यह जीवनभर के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मबल का संकल्प है। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक मैकेनिकल सुनील कुमार कुलथे, तकनीकी सचिव प्रशांत सोनी, कल्याण अधिकारी दिनेशचंद्र सोवले, अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल, कैलाश वर्मा, नारायण पारवे मौजूद थे।

**यहां भी मनाया योग दिवस:**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सातपायरी में योग दिवस पर विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, अनुविभागीय अधिकारी भागीरथ वाखला ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। प्राचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने बच्चों के साथ प्रार्थना की। प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले, योग प्रशिक्षक दुष्यंत सिंह पवार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। 23 शिक्षक, 150 बच्चों ने योगा किया। सिटीजन हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यक्ष अर्जुनदास शाह, एलएल लौवंशी, शाला सचिव नितिन मालगुजार, प्राचार्य वंदना जवादे सहित समस्त विद्यार्थियों ने योग किया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व मे नाम नकीया मुस्तुफा नीलवाला (NAQIA MUSTAFA NEELWALA) था, अब मेरा नाम नकीया कुसई भट्टीवाला पति कुसई भट्टीवाला (NAQIA QUSAI BHATTIWALA W/O QUSAI BHATTIWALA) हो गया है। अतः मेरे पुराने नाम नकीया मुस्तुफा नीलवाला (NAQIA MUSTAFA NEELWALA) के स्थान पर नकीया कुसई भट्टीवाला पति कुसई भट्टीवाला (NAQIA QUSAI BHATTIWALA W/O QUSAI BHATTIWALA) के नाम से जानी व पहचानी जाउंगी।

**नकीया कुसई भट्टीवाला**
**पति कुसई भट्टीवाला**
म.नं. 333/3, वार्ड नं. 24, बारूद वाली


22/06/2025 | burahanpur | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/